आयोजक का संक्षिप्त परिचय

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एक अन्तर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक शैक्षणिक संस्था है, जिसकी स्थापना सन् 1936 में तत्कालीन अखण्ड भारत के हैदराबाद सिन्ध में हुई। वर्तमान में जिसका मुख्यालय माउण्ट आबू (राजस्थान) में है। इसके 8500 से अधिक सेवाकेंद्र 140 देशों में स्थित हैं। विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक ज्ञान एवं सहज राजयोग की शिक्षा दी जाती है, जिससे मानव में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास होता है, उसे श्रेष्ठ जीवन जीने की कला आ जाती है। इस संस्था की विश्वव्यापी सेवाओं को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे युनीसेफ (UNICEF) के साथ-साथ आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (ECOSOC) में सलाहकार का दर्जा प्रदान किया है।

ब्रह्माकुमारीज़ की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन का समाज सेवा प्रभाग वर्ष 1986 से देश के अनेक सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर समाज उत्थान का कार्य कर रहा है। प्रभाग का स्पष्ट मानना है कि बिना आध्यात्मिक सशक्तिकरण किए समाज में व्याप्त बुराइयों व कुरीतियों को नहीं मिटाया जा सकता। संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी, जिनका 25 अगस्त 2007 में देहावसान हो गया, उनकी पुण्य स्मृति में भारत व नेपाल में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

हमारा उद्देश्य

प्रभाग का उद्देश्य है – आध्यात्मिक मूल्यों के आधार पर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना। हम मानते हैं कि जब व्यक्ति स्वयं को पहचानता है, अपने अंदर छिपे गुणों को जाग्रत करता है, तब वह समाज व राष्ट्र के लिए एक सशक्त आधार बनता है।

- सेवा के माध्यम से संवेदना और भाईचारे का विस्तार करना
- रक्तदान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में जनजागरूकता फैलाना
- युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, एवं वंचित वर्गों के उत्थान हेतु कार्य करना
- सरकारी, गैर-सरकारी और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर राष्ट्र सेवा में योगदान देना
- "वसुधैव कुटुम्बकम्" की भावना को जागृत करते हुए विश्व बंधुत्व को सशक्त बनाना

हमारा संकल्प है – "हर आत्मा को ईश्वर की संतान समझें और सेवा को सच्ची भक्ति का रूप बनाएं।"

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्य स्मृति में

विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान



एक यूनिट रक्त
3 जीवन
बचा सकता है

21 से 25 अगस्त 2026

पूरे भारत एवं नेपाल के ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्रों द्वारा

आयोजक: समाज सेवा प्रभाग (RERF) & ब्रह्माकुमारीज़,

रक्तदान करें, पुण्य कमाएं।
विश्व बंधुत्व की ओर एक कदम बढ़ाएं...

राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित यह विशाल रक्तदान अभियान समर्पित है **राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी** की 19वीं पुण्य स्मृति एवं **विश्व बंधुत्व दिवस** को।

यह रक्तदान अभियान **21 से 25 अगस्त, 2026** के बीच **भारत एवं नेपाल** में एक साथ ब्रह्माकुमारीज़ के हजारों सेवाकेन्द्रों द्वारा अलग-अलग तिथि पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें युवा, शैक्षणिक संस्थान, सामाजिक संगठन, ब्लड बैंक, अस्पताल, प्रशासनिक विभाग, सुरक्षा विभाग और अन्य जागरूक नागरिकों की भागीदारी से अधिक से अधिक यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया गया है।

इस सेवा का उद्देश्य केवल रक्त एकत्र करना नहीं, बल्कि समाज में मानवता, एकता और करुणा जैसे मूल्यों को जागृत करना है।

इस अभियान के माध्यम से हम संदेश देना चाहते हैं कि –
"रक्तदान केवल दान नहीं, यह एक जीवनदान और मूल्यों का उत्सव है।"

रक्तदान क्यों महत्वपूर्ण है?

रक्त की कमी एक गंभीर समस्या है। दुनिया भर में लाखों लोग रक्त की कमी से पीड़ित हैं। दुर्घटनाएं, गंभीर बीमारियां और सर्जरी में रक्त की आवश्यकता होती है। रक्त की कमी के कारण कई लोगों की जान चली जाती है।

रक्तदान करके आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। रक्तदान से प्राप्त रक्त का उपयोग सर्जरी, दुर्घटनाओं और अन्य चिकित्सा स्थितियों में किया जाता है। रक्तदान एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से अपना रक्त दान करता है। रक्तदान एक सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम बन सकता है।

हमें रक्तदान क्यों करना चाहिए?

हमारे पास रक्त प्राप्त करने का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। हर 3 सेकंड में एक व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता होती है। दुर्घटना, सर्जरी या किसी को कैंसर होता है, तो उसे जीवित रहने के लिए रक्त की आवश्यकता पड़ती है। रक्त सबसे अनमोल उपहार है जो कोई भी दूसरे व्यक्ति को दे सकता है।

क्या आप रक्तदान के योग्य हैं?

- उम्र 18-65 वर्ष
- वजन 45 किलो से अधिक
- हीमोग्लोबिन स्तर 12.5 से ज्यादा हो
- चिकित्सक द्वारा "स्वस्थ" घोषित
- यदि कोई बीमारी हो, तो डॉक्टर को अवश्य बताएं।

क्या रक्तदान से कमजोरी आती है?

- बिलकुल नहीं!
- 24 से 36 घंटों में शरीर पुनः रक्त बना लेता है।
- तुरंत बाद सामान्य गतिविधियाँ कर सकते हैं।

रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ

- मानव जीवन बचाने की खुशी!
- आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है।
- हृदय रोगों का खतरा कम!
- आपकी इम्यूनिटी बढ़ती है।
- कैंसर के खतरे को कम करता है!

आप व्यस्त हैं?

- कोई बात नहीं!
- रक्तदान में मात्र 10 मिनट लगते हैं।
- आपका थोड़ा समय किसी को जीवन दे सकता है।

विनम्र अनुरोध

प्रिय आत्मन, हर दिन, हज़ारों लोग केवल इसलिए अपनी जान गंवा देते हैं क्योंकि उन्हें समय पर रक्त नहीं मिल पाता। इस संकट से लड़ने के लिए, हम सभी से विनम्र अपील करते हैं कि आप इस रक्तदान महाअभियान में भाग लेकर समाज के लिए एक जीवनदायी योगदान दें।

- आपका एक यूनिट रक्त किसी के जीवन की साँसें बन सकता है।
- रक्तदान करें – यह सेवा, मानवता के प्रति आपकी सबसे महान पेशकश हो सकती है।
- स्वयं भी रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

यह अभियान किसी भी जाति, धर्म या पंथ से ऊपर उठकर मानवता के नाम समर्पित है। आइए, एकजुट होकर इस नेक पहल को सफल बनाएं। **"रक्तदान करें – जीवन बचाएं।"**

मुख्य कार्यालय:

समाज सेवा प्रभाग (RERF), ब्रह्माकुमारीज़, विश्व परिवर्तन भवन- द्वितीय मंजिल, शांतिवन, आबू रोड, 307510, राजस्थान,

संपर्क : +91 9414153737, +91 9414545635
ई-मेल : socialwing@bkivv.org
वेबसाईट : bksocialwing.org

अभियान संबंधित जानकारी हेतु संपर्क करें:

बी के बीरेंद्र भाई : +91 7014 986 262
बी के गिरीश भाई : +91 7014 986 066



राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी
पूर्व मुख्य प्रशासिका, ब्रह्माकुमारीज़